पत्र सूचना शाखा
सूचना एव जनसम्पर्क विभाग उ०प्र०
(राज्यपाल सूचना परिसर)

——————

राज्यपाल ने महिला उद्यमियों को सम्मानित किया

——————

रोजगार की तलाश न करें, रोजगार प्रदाता बनें

——————

केन्द्र और प्रदेश सरकार स्टार्ट–अप लगाने वालों को दे रही है सभी सुविधाएं

——————

सकारात्मक रहें, बदलाव के लिए मिलकर प्रयास करना जरूरी

——————

परिवार के बच्चों को भी उद्योग की बारीकियाँ सिखाकर हुनरमंद बनाएं

——————

परिवार में बहू–बेटियों का सम्मान करें

——————

महिलाएं आत्मनिर्भर रहें, जॉब के साथ पारिवारिक दायित्वों को निभाएं

–राज्यपाल, श्रीमती आनंदीबेन पटेल

——————

आई0आई0ए0 की महिला उद्यमियों ने बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर टीकाकरण अभियान हेतु राज्यपाल को भेंट किया रूपये एक लाख का चेक

——————

लखनऊ : 27 फरवरी, 2024

प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज यहाँ राजभवन के गांधी सभागार में इण्डियन इण्डस्ट्रीज एसोसिएशन तथा सामाजिक संस्था कानफेडरेशन ऑफ वोमेन एन्टरप्रेन्योर्स (COWE) से जुड़ी ऐसी 66 महिला उद्यमियों को मोमेन्टो प्रदान कर सम्मानित किया, जिन्होंने न केवल अपना उद्योग, संस्थान, उद्यम स्थापित किया अपितु अपने साथ अन्य महिलाओं एवं युवाओं को भी अवसर प्रदान कर आत्मनिर्भर बनाया।

इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि समारोह को सम्बोधित करते हुए राज्यपाल जी ने कहा कि अपनी शिक्षा पूर्ण करके युवा प्रायः किसी सरकारी जॉब को ही प्राथमिकता देते हैं। तकनीकी विकास, कम्प्यूटराइजेशन ने सरकारी नौकरी की तमाम आवश्यकताओं में मनुष्य की निर्भरता को कम कर दिया है। आज का दौर उद्यमशील होने का है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार और प्रदेश सरकार स्टार्ट–अप लगाने के लिए उद्यमियों को बहुत सी सुविधाएं दे रही है, जिसमें उद्यम का प्रशिक्षण, लोन, स्थान की उपलब्धता और कई प्रकार की छूट भी शामिल है। इस अवसर का लाभ हमारी महिलाओं को भी मिला है।

राज्यपाल जी ने महिला उद्यमियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि आज पुरस्कार प्राप्त करने की उपलब्धि तक पहुँचने से पूर्व उन्होंने निश्चय ही कड़ी मेहनत की होगी। अपना उत्पादन कर रही महिलाओं ने घर–घर और बाजार में सामान की बिक्री भी की

होगी। उन्होंने कहा कि संघर्ष के साथ सफलता पाकर यहाँ तक आई महिलाएं बधाई की पात्र हैं। उन्होंने कहा कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास ही सफलता का मूलमंत्र है। हमेशा सकारात्मक रहें और बदलाव के लिए मिलकर प्रयास करें।

राज्यपाल जी ने उद्योग और विविध संस्थानों को स्थापित कर स्वयं आत्मनिर्भर हुई महिलाओं को कहा कि वे परिवार के बच्चों को भी उद्योग की बारीकियाँ सिखाकर हुनरमंद बनाएं और परिवार में हुनर का विस्तार करें। इसी क्रम में उन्होंने समाज में महिलाओं की प्यार और सम्मान की सामान्य अपेक्षाओं की चर्चा भी की और कहा कि अपने परिवार के अंदर भी अपनी बहू–बेटियों का सम्मान करें। उन्होंने महिलाओं को प्राथमिकता के साथ आत्मनिर्भर होने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि पारिवारिक दायित्वों के लिए जॉब न छोड़ें, बल्कि जॉब करते हुए पारिवारिक दायित्वों को निभाएं।

समारोह में सम्बोधित करते हुए राज्यपाल जी ने अपने गुजरात कार्यकाल तथा भ्रमण कार्यक्रमों के विविध अनुभव भी साझा किए। उन्होंने जेल भ्रमण के दौरान ज्ञात हुई महिला बंदियों की समस्याओं, सामाजिक विवशताओं, पारिवारिक घटनाओं का जिक्र करते हुए दहेज प्रथा का कड़ा विरोध करने के लिए महिलाओं को प्रेरित किया। उन्होंने महिला उद्यमियों को महिला बंदियों की आवश्यकताओं को ज्ञात करके उनके लिए उपयोगी सामग्री उपलब्ध कराने के लिए भी कहा। उन्होंने कहा कि सम्मान समारोह, विविध कार्यक्रमों में महिलाओं की भागीदारी होती है लेकिन महिलाओं की समस्याओं पर चर्चाएं नहीं होती हैं। इसलिए महिलाओं की समस्याओं पर भी चर्चा करें।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कनफेडरेशन ऑफ वूमेन एंटरप्रेन्योर की चेयरपर्सन श्रीमती मीतू पुरी ने संस्था की यात्रा, लक्ष्य और उद्देश्य के बारे में बताया। संस्था से जुड़ी महिलाओं की उद्यमशीलता की चर्चा करते हुए उन्होंने उनकी रोजगार तलाशने वाले से रोजगार सृजक तक की यात्रा का वर्णन किया। उन्होंने कोवे संस्था के कार्यों तथा 14 राज्यों में विस्तार को बताते हुए संस्था को ग्रामीण महिलाओं की सहायता और उत्थान हेतु समर्पित बताया।

कार्यक्रम में इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन लखनऊ चैप्टर महिला उद्यमी की चेयरपर्सन श्रीमती आनंदी अग्रवाल ने संस्था के उद्देश्य व अभियान के बारे में बताते हुए कहा कि राजभवन में महिलाओं का सम्मानित होना एक उपलब्धि है। उन्होंने उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश के साथ–साथ एक उद्यम प्रदेश भी बताया तथा कहा कि अयोध्या में प्रभु श्री राम के साथ–साथ माता सीता का भी आगमन हुआ है।

समारोह में आई0आई0ए0 लखनऊ चैप्टर की महिला उद्यमियों के सहयोग से बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर टीकाकरण अभियान में सहभागिता हेतु राज्यपाल जी को रूपये एक लाख का प्रतीकात्मक चेक भेंट किया गया। उद्यमी महिलाओं ने ओ0डी0ओ0पी0 के उत्पाद भेंटकर राज्यपाल जी का अभिनंदन किया।

आई0आई0ए0, लखनऊ चैप्टर के चेयरपर्सन श्री विकास खन्ना ने इस अवसर पर समारोह की मुख्य अतिथि राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल का महिला उद्यमियों के उत्साहवर्द्धन और सम्मान के लिए आभार व्यक्त किया।

समारोह में अपर मुख्य सचिव राज्यपाल डॉ0 सुधीर महादेव बोबडे, आई0आई0ए0 तथा कोवे ग्रुप के पदाधिकारी एवं सदस्य महिला उद्यमी एवं राजभवन के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

संपर्क :
डा0 सीमा गुप्ता,
सहायक निदेशक,
कृष्ण कुमार, सूचना अधिकारी, राजभवन
मोबाइल : 8318116361